आकाशवाणी पोर्ट ब्लेयर

दिनांक : 07.02.2025 समय : 0705

<><><><><><><>

1. परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम में प्रत्येक राज्य और केंद्रशासित प्रदेश से छत्तीस विद्यार्थी चयनित।

2. ईपीएफओ ने वित्तीय वर्ष दो हजार चौबीस–पच्चीस में पांच करोड से अधिक दावों का निपटारा कर एक कीर्तिमान स्थापित किया।

3. अड़तीसवें राष्ट्रीय खेलों में साइक्लिंग स्पर्धाओं में खिलाड़ियों का शानदार प्रदर्शन।

4. प्रयागराज में चल रहे महाकुंभ के लिए द्वीपसमूह से पचास श्रद्धालुओं का दल आज रवाना।

<><><><><><><>

परीक्षा पे चर्चा का आठवां संस्करण, आठ एपिसोड के एक नए प्रारूप में आयोजित किया जाएगा। यह कार्यक्रम नई दिल्ली के भारत मण्डपम में इस महीने की दस तारीख को आयोजित की जाएगी। शिक्षा मंत्रालय ने कहा कि कार्यक्रम के नए प्रारूप में विभिन्न क्षेत्रों के प्रतिष्ठित व्यक्तित्व विद्यार्थियों के साथ बातचीत करेंगे और अपने अनुभव तथा ज्ञान साझा करेंगे। मंत्रालय ने बताया कि इस कार्यक्रम में प्रत्येक राज्य और केंद्रशासित प्रदेश से छत्तीस विद्यार्थियों का चयन विभिन्न स्कूलों से किया गया है। ये विद्यार्थी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के साथ सीधी बातचीत करेंगे। इस कार्यक्रम का सीधा प्रसारण दूरदर्शन, स्वयं, स्वयं प्रभा, प्रधानमंत्री कार्यालय के यूट्यूब चैनल और शिक्षा तथा सूचना और प्रसारण मंत्रालयों के सोशल मीडिया चैनलों पर किया जाएगा। परीक्षा पे चर्चा एक संवादात्मक कार्यक्रम है जिसमें भारत तथा विदेशों के शिक्षक, विद्यार्थी और अभिभावक प्रधानमंत्री के साथ चर्चा करते हैं तथा परीक्षा के तनावों से उबरने को लेकर सकारात्मक बातचीत करते हैं। इस कार्यक्रम के लिए एक ऑनलाइन प्रतिस्पर्धा के जरिये छठी से बारहवीं कक्षा के विद्यार्थियों, शिक्षकों और अभिभावकों का चयन किया जायेगा। इस वर्ष मंत्रालय को विद्यार्थियों, शिक्षकों और अभिभावकों के साढ़े तीन करोड़ से अधिक भागीदारों के आवेदन प्राप्त हुए हैं।

<><><><><><><>

श्रम और रोजगार मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया ने घोषणा की है कि कर्मचारी भविष्य निधि संगठन–ईपीएफओ ने वित्तीय वर्ष दो हजार चौबीस–पच्चीस में पांच करोड से अधिक दावों का निपटारा कर एक कीर्तिमान स्थापित किया है। पिछले वर्ष संगठन ने चार करोड पैंतालिस लाख दावों का निपटारा किया था। डॉ. मांडविया ने कहा कि दावों के समाधान की प्रक्रिया को सरल बनाकर और शिकायतों की संख्या कम करके कर्मचारी भविष्य निधि संगठन ने ये सफलता प्राप्त की है।

<><><><><><>

अंडमान निकोबार प्रशासन के मुख्य सचिव ने सभी विभागों में तिमाही आधार पर मॉक ड्रिल आयोजित करने का निर्देश दिया है। कल पशुपालन एवं पशु चिकित्सा सेवा निदेशालय में भूकंप और आग की घटना पर पहली मॉक ड्रिल आयोजित की गई। इसमें दक्षिण अंडमान जिला प्रशासन, आपदा प्रबंधन, अंडमान निकोबार पुलिस, स्वास्थ्य, अग्निशमन, एनडीआरएफ और लोक निर्माण विभाग शामिल हुए। मॉक ड्रिल के बाद डीब्रीफिंग सत्र आयोजित किया गया, जिसमें पर्यवेक्षकों ने मॉक ड्रिल के निष्कर्षों और कमियों के बारे में बताया। संसाधन विभागों के अधिकारियों से आग्रह किया गया कि वे अपनी तैयारियों की नियमित जांच करें और निकट भविष्य में किसी भी संकट से निपटने के लिए अपनी टीमों को सुरक्षा उपायों पर बुनियादी कौशल के साथ प्रशिक्षण प्रदान करें।

<><><><><><>

उत्तराखंड के रूद्रपुर में आयोजित अड़तीसवें राष्ट्रीय खेलों में साइक्लिंग स्पर्धाओं में खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन कर कई पदक अपने नाम किए। कल खेले गए पुरूष कीरिन रेस में डेविड बेकहम ने एक और स्वर्ण पदक अपने नाम किया, वहीं एसो ने रजत पदक जीता, जबकि टीम स्प्रिन्ट में सेलेस्टीना, डेबोरह और निकिता की टीम ने रजत पदक हासिल किया। अब तक विभिन्न प्रतियोगिताओं में खिलाड़ियों ने स्वर्ण, रजत और कांस्य पदक हासिल किए, जिसमें डेविड ने स्प्रिन्ट, टाइम ट्रॉयल, टीम स्प्रिन्ट और कीरिन स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता। ऐसो ने स्प्रिन्ट में कांस्य, कीरिन स्पर्धा में रजत और टीम स्प्रिन्ट में स्वर्ण पदक जीता। सेलेस्टीना ने टाइम ट्रायल में स्वर्ण, स्प्रिन्ट में रजत और टीम स्प्रिन्ट में रजत पदक हासिल किया। गौरव, सुभाष सेन गुप्ता और निकिता की टीम ने टीम स्प्रिन्ट में स्वर्ण पदक जीता। साथ ही डेबोरह को टीम स्प्रिन्ट में रजत पदक प्राप्त हुआ है। इस प्रकार अब तक कुल मिलाकर द्वीपसमूह की टीम ने पांच स्वर्ण, तीन रजत और एक कांस्य पदक अपने नाम किए।

<><><><><><>

प्रयागराज में चल रहे महाकुंभ के लिए द्वीपसमूह से पचास श्रद्धालुओं का दल आज रवाना होगा। इस दल में राष्ट्रीय स्यवंसेवक संघ के सह कार्यवाहक के. त्यागराजन और अन्य सदस्य शामिल हैं। यह दल काशी विश्वनाथ मंदिर और अन्य धार्मिक स्थलों के दर्शन के बाद बारह फरवरी को प्रयागराज पहुंचेगा।

<><><><><><>

अध्यक्ष अनिल कुमार झा के नेतृत्व में पाचवां वित्त आयोग नौ फरवरी को द्वीप समूह के पांच दिवसीय दौरे पर श्री विजयपुरम पहुंचेगा। दस फरवरी को आयोग पंचायती राज संस्थानों के सदस्यों के साथ बैठक करेंगे और स्वराज द्वीप में विभागीय स्थलों का दौरा करेंगे। ग्यारह फरवरी को आयोग शहीद द्वीप में पीआरआई सदस्यों के साथ बैठक करेंगे। तेरह फरवरी को आयोग श्री विजयपुरम नगरपालिका परिषद के सम्मेलन कक्ष में नगरपालिका अध्यक्ष, सचिव और पार्षदों के साथ बैठक करेंगे। इसके बाद आयोग दोपहर में सचिवालय के सम्मेलन कक्ष में मुख्य सचिव और प्रशासन के अन्य वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक करेंगे।

<><><><><><><>

अंडमान निकोबार द्वीपसमूह भवन एवं अन्य निर्माण श्रमिक कल्याण बोर्ड की तीसवीं बैठक हाल ही में श्रम आयुक्त कार्यालय के सम्मेलन कक्ष में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता श्रम एवं रोजगार सचिव एल. कुमार ने की। बैठक में प्रशासन, नियोक्ताओं एवं ट्रेड यूनियनों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। इस दौरान बोर्ड के तहत पंजीकृत निर्माण श्रमिकों को सामाजिक सुरक्षा सहायता के विस्तार से संबंधित विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की गई। सचिव ने द्वीपसमूह में विभिन्न स्थलों पर निर्माण गतिविधियों में लगे श्रमिकों के बीच जागरूकता पैदा करने के महत्व पर भी प्रकाश डाला। बोर्ड ने पेंशन, शिक्षा, मातृत्व और मृत्यु सहायता सहित निर्धारित कल्याणकारी योजनाओं के तहत पंजीकृत निर्माण श्रमिकों के उनतीस दावों के निपटान के लिए साढ़े तीन लाख से अधिक रुपये जारी करने की मंजूरी दी। बोर्ड पंजीकृत निर्माण श्रमिकों के लाभ के लिए नौ कल्याणकारी योजनाओं को लागू कर रहा है।

<><><><><><><>

श्री विजयपुरम में कल भारतीय तटरक्षक के उनचासवें स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में भारतीय तटरक्षक पोत विजित द्वारा तटरक्षक क्वीज़ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें शहर के सात विद्यालयों ने भाग लिया। आकाशवाणी के साथ खास बातचीत में असिस्टेंट कमांडेंट चिराग सिंह ने बताया कि इस प्रतियोगिता में छात्रों ने बढ़–चढ़कर हिस्सा लिया।

<><><><><><><>

स्वच्छ भारत अभियान के तहत कन्यापुरम पंचायत के वार्ड नम्बर–एक में स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है। कन्यापुरम के प्रधान पी. अब्दुल बशीर ने बताया कि मानसून के सक्रिय हो जाने के बाद नालों में कचरे आदि एकत्र हो जाते हैं, इसे देखते हुए पहले से ही नालों की साफ सफाई के साथ अन्य क्षेत्रों की भी सफाई की जा रही है।

<><><><><><><>

दक्षिण अंडमान के रटलैंड में रिप्रोडक्टिव एंड चाइल्ड हेल्थ पर शिविर आयोजित किया जाएगा। स्वास्थ्य सेवा निदेशालय और अनिम्स के सहयोग से कल सुबह दस बजे से शिविर में सेवाएं शुरू होंगी। स्वास्थ्य सेवा उप–निदेशक डॉ. अविजित रॉय ने आकाशवाणी से खास बातचीत में रटलैंड के जरूरतमंद मरीजों से इस अवसर का लाभ उठाने का अनुरोध किया है।

<><><><><><><>

समाचार पत्रों की सुर्खियां

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी दस फरवरी को सुबह ग्यारह बजे दूरदर्शन सहित अन्य प्लेटफार्मों पर देश भर के छात्रों से संवाद करेंगे– द डेली टेलीग्राम्स की बड़ी खबर है। अड़तीसवें राष्ट्रीय खेलों में द्वीपों के साइक्लिंग टीम के शानदार प्रदर्शन के समाचार को द्वीप समाचार ने सचित्र प्रकाशित किया है। साथ ही अखबार ने वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय के उद्योग संवर्धन और आंतरिक व्यापार विभाग की ओर से एक जिला एक व्यंजन के तहत पहल की शुरूआत करने के समाचार को भी प्रमुखता दी है। मिडिल स्कूल साउथ क्रीक में वार्षिक खेलकूद के आयोजन के समाचार को इंफो इंडिया में जगह मिली है। पांचवें वित्त आयोग के द्वीपसमूह दौरे के समाचार को इको ऑफ इंडिया ने बॉक्स में प्रकाशित किया है। अण्डमान निकोबार भवन निर्माण श्रमिक कल्याण बोर्ड की तीसरी बैठक आयोजित होने के समाचार को अण्डमान एक्सप्रेस अंग्रेजी ने प्रथम पृष्ठ में सचित्र प्रकाशित किया है। ठोस अपशिष्ट प्रबंधन पर बहु हितधारक परामर्श आयोजित करने के समाचार को अण्डमान क्रोनिकल में जगह मिली है।

<><><><><><><>